हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, सोमवार,20 मई 2024

तापमान
अधिकतम 45 .6 डिग्री
न्यूनतम 26 .3 डिग्री

12 मतदान का न्योता दे रहे बीएलओ



12 बजरंग भवन में लगाया गया शिविर



## खबर संक्षेप

### पानीपत में नहर में डूबी युवती

**पानीपत।** पानीपत में 19 साल की एक युवती नहर में डूब गई। पुराना औद्योगिक थाना पुलिस को दी शिकायत में कविता निवासी शक्ति नगर ने बताया कि उसका पति रामपाल ई-रिक्शा चलाता है। वह दो बच्चों की मां है। जिसमें बड़ा बेटा 21 साल का सन्नी है, जो 18 अप्रैल को घर से बाहर खेलने गया हुआ था। जोकि शाम तक वापस नहीं लौटा। बेटे को ढूंढ़ने के लिए वह अपनी बेटी 19 वर्षीय शालू के साथ घर से निकली थी। बेटे को ढूंढ़ते-ढूंढ़ते पक्की नहर गढ़ी सिकंदरपुर चले गए। जहां नहर किनारे मां-बेटी सन्नी को तलाश रहे थे। तलाशते हुए अचानक शालू का पैर फिसल गया। जिससे वह नहर में गिर गई। नहर में गिरती ही वह पानी में डूब गई। वहीं पुलिस ने शालू की तलाश शुरू करवा दी है।

### सिठाना में मंदिर से तिजोरी चोरी

**पानीपत।** पानीपत के गांव सिठाना में मंदिर से चोर एक लाख नकदी से भरी तिजौरी चोरी कर ले गए। करनाल की पालम कालोनी निवासी शमशेर ने बताया कि वह हाल में पानीपत के सिठाना गांव स्थित ऊं शिव ऊं पुरा मंदिर व आश्रम में रहता है। वही, चोर मंदिर से तिजौरी चोरी कर ले गए, तिजौरी में एक लाख रूपये अधिक रकम थी। शमशेर की शिकायत पर थाना सदर पुलिस ने चोरी के आरोप में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### हत्या के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना पडाव में दर्ज हत्या के मामले में पुलिस ने आरोपी सुमित व महिला को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी सुमित कुमार को रिमांड पर लिया है। पांची जट्टान के संदीप कुमार ने 17 मई 2024 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि उसका भाई दीपक उर्फ सीटू 15 मई 2024 को पैसों के लेन-देन के लिए अम्बाला आया था। इसके बाद वह अंबाला छावनी बस स्टैंड से कही गुम हो गया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था। बाद में उसकी लाश मिली थी।

# जीव जंतुओं को गर्मी से बचाने के लिए चिड़ियाघर में किए व्यापक प्रबंध

## शेर, शेरनी और शावक गर्मी से बचने के लिए ले रहे कूलर की हवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

जीव जंतुओं को गर्मी से बचाने के लिए पिपली चिड़ियाघर में व्यापक प्रबंध किए गए हैं। इतना ही नहीं गर्मी के चलते जीव जंतुओं की बैरक में भी बदलाव किया गया है। जीव जंतुओं की छतों को बोरियों से ढका गया है। वहीं बाड़ों के आगे चिक लगाई गई है, ताकि सीधी धूप बाड़ों के अंदर न घुस सके। बाड़ों के ऊपर नियमित रूप से पानी का छिड़काव किया जाता है। जीव जंतुओं को रोजाना तीन बजे प्रेशर वाले पंप से नहलाया जाता है, ताकि जीव जंतुओं को गर्मी से राहत मिल सके। जीव जंतुओं के स्वास्थ्य की नियमित जांच की जाती है। वैटनरी सर्जन सप्ताह में दो बार जीव जंतुओं की जांच करने के लिए चिड़ियाघर में आते हैं।शेर शेरनी और तीन शावकों के बाड़े में कूलर लगाए गए हैं, ताकि उन्हें गर्मी से राहत मिल सके। चिड़ियाघर के कर्मचारी नियमित रूप से शेर शेरनी व शावकों के बाड़ों में लगे कूलरों की जांच करते हैं और रोजाना उनके अंदर ताजा पानी डाला जाता है। उन्हें रोजाना डाइट में मटन व चिकन दिया जा रहा है। गर्मी के चलते उनकी डाइट में कमी की गई है।

■ गर्मी के चलते जीव जंतुओं की डाइट में किया गया बदलाव



शेर शेरनी के बाड़े के बाहर लगा कूलर।

### चिड़ियाघर में बनाए गए पानी के कुंड

चिड़ियाघर के अंदर पानी के कुंड बनाए गए हैं। जीव जंतुओं के बाड़ों के बाहर व खुले में कुंड बनाकर उनमें पानी डाला गया है, ताकि जीव जंतु कुंड से पानी पी सकें। वहीं कर्मचारी बाड़ों के अंदर जीव जंतुओं को नियमित रूप से उन्हें पानी ाी उपलब्ध करा रहे हैं। वहीं जीव जंतुओं को धूप से बचाने के लिए बाड़ों के आगे चिक लगाई गई है। ताकि सीधी धूप बाड़ों के अंदर ना आ सके। चिक लगने से हवा क्रास होती है और जीव जंतुओं को गर्मी से राहत मिलती है।

### जीव जंतुओं को दिया जा रहा इलेक्ट्रोलाइट ओआरएस

जीव जंतुओं को रोजाना इलेक्ट्रोलाइट, ओआरएस घोल दिया जा रहा है। चिड़ियाघर में रहने वाले साी जीव जंतुओं को गर्मी से बचाने के लिए नियमित रूप से यह घोल दिया जा रहा है। इलेक्ट्रोलाइट ओआरएस शरीर में पानी की कमी को ाी पूरा करता है। वहीं यह घोल जीव जंतुओं को गर्मी से बचाने में मदद भी करता है।

### चिड़ियाघर में 14 अलग अलग प्रजातियों के 64 जीवजंतु

चिड़ियाघर में 14 अलग अलग प्रजातियों के 64 जीव जंतु हैं, जिनमें प्रमुख रूप से शेर शेरनी व तीन शावक, पैंथर, लक्कडबग्गा, गीदड़, सांर, काला हिरण, हिपो, लंगूर, मोर, लाल जंगली मुर्गा सहित अन्य जीव जंतु हैं। साी जीव जंतुओं के लिए चिड़ियाघर की ओर से उनके रहने के लिए बाड़ों और पिंजरों की व्यवस्था की गई है।

### धूप से बचाव के लिए चिक लगाई गई

इस बारे में जब चिड़यिाघर के प्रारी वन्य जीव जंतु निरीक्षक देवेंद्र कुमार से उनका पक्ष जाना गया तो उन्होंने बताया कि चिड़यिाघर में रहने वाले जीव जंतुओं को गर्मी से बचाने के लिए व्यापक व्यवस्था की गई है। मासांहारी जंतुओं के बाड़ों के आगे कूलर की व्यवस्था की गई है, वहीं अन्य जीव जंतुओं के बाड़ों के बाहर धूप से बचाव के लिए चिक लगाई गई है। बाड़ों की छतों के ऊपर प्रतिदिन पानी का छिडकाव किया जाता है और जीव जंतुओं को प्रतिदिन स्नान कराया जाता है। जीव जंतुओं की सप्ताह में दो बार मेडिकल जांच की जाती है।

# गर्मी की तपिश में झुलसने लगे लोग

## दिनभर गर्मी की तपिश व उमस से लोग रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

पिछले एक सप्ताह से जिले में पड़ रही गर्मी की तपिश व उमस ने लोगों को हलकान कर दिया है। रविवार को भी लोगों को गर्मी से राहत नहीं मिली और दिन भर लोग गर्मी की तपिश से बचने के लिए मारे-मारे घूमते रहे। वहीं, बच्चों, महिलाओं व बुजुर्गों का गर्मी के मारे बुरा हाल रहा। गर्मी की तपिश बढ़ने से रविवार को जिले का अधिकतम तापमान 44 डिग्री व न्यूनतम 27 डिग्री सेल्सियस रहा।

रविवार सुबह सूर्य देव के दर्शन होते ही गर्मी की तपिश बढ़ने लगी। इसके बाद जैसे-जैसे दिन बढ़ता गया मौसम में तापमान बढ़ता गया। आलम यह रहा कि दोपहर के समय बाजार सुनसान हो गए और लोग गर्मी से बचने के लिए या तो पेड़ों की छांव में बैठने को मजबूर हो गए या फिर घरों में बैठकर पंखा झोलने को मजबूर हुए। कुछ युवकों ने नहरों व तालाबों का रुख किया और नहाकर गर्मी से बचने का प्रयास किया।

■ तापमान पहुंचा 44 के पार, गर्मी से बचने के लिए पेड़ों की छांव में बैठने को मजबूर



यमुनानगर में रविवार को दोपहर के समय पार्क में पेड़ों की छांव में बैठकर गर्मी से राहत पाते लोग।

### सब्जी की फसलें भी लगी झुलसने

सब्जी उत्पादक रणधीर कश्यप, मनबीर सिंह, श्योपाल, कुलदीप सिंह व रामकुमार आदि का कहना है कि पिछले कई दिन से मौसम में गर्मी की तपिश बढ़ रही है। जिसकी वजह से उनकी गन्ना, चारा समेत अन्य फसलों को नुक्सान हो रहा है। गर्मी के मौसम में दिन के समय वह फसलों में सिंचाई नहीं कर पाते हैं और रात्रि के समय बिजली के नहीं आने से वह फसलों की सिंचाई नहीं हो पा रही है। यदि वह दिन में गर्मी की तपिश में सब्जी की फसलों की सिंचाई करते हैं तो फसलों के नष्ट होने की आशंका रहती है। क्योंकि कम तापमान में ही सब्जी की फसलों की सिंचाई की जाती है। यदि अगले कुछ दिन तक गर्मी की तपिश इसी तरह बढ़ती रही तो उन्हें गन्ने समेत अन्य फसलों में भारी नुक्सान होने की संभावना है। रविवार को जिले का अधिकतम तापमान 44 डिग्री व न्यूनतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस रहा। जिससे दिन भर मौसम में गर्मी के साथ-साथ मौसम में उमस बनी रही।

# शराबी ने पत्नी व भाभी पर दरात से किया हमला

## इसराना थाना पुलिस ने केस दर्ज किया

**पानीपत।** पानीपत के गांव परढाणा में एक शराबी ने अपनी पत्नी और भाभी को दरात से हमला किया। वही, इसराना थाना पुलिस को दी शिकायत में महिला नितिका ने बताया कि वह गांव परढाणा की रहने वाली है। उसका पति अरुण, ऑटो चलाता है। वह रोजाना शाम को शराब पीकर घर पर आता है। उसके साथ गाली-गलौज व मारपीट करता है। जिसने 12 मई को उसके साथ मारपीट की थी। लेकिन, इस बारे में उसने कहीं शिकायत नहीं की थी। 14 मई को वह घर पर काम कर रही थी। शाम करीब 6 बजे उसका पति अरूण शराब पीकर घर पर आयाऋ7। जिसने घर पर आते ही उसके साथ गाली-गलौज शुरू कर दी। गाली गलौज का विरोध करने पर उसने दरात उठा ली। जो उसने पेट, छाती और कुल्हे पर मारी। पत्नी अपने बचाव में वहां से दौड़कर जेठानी के कमरे में चली गई। पति भी पीछे-पीछे वहां आ गया। जेठानी लच्छो ने बीच-बचाव किया तो उसके पति ने उस पर भी तेजधार हथियार से हमला कर दिया। पति ने उसे भी हाथ, सिर और छाती पर चोट पहुंचाई। जिससे वह बेहोश होकर नीचे गिर गई। मौके पर जेठ संजय आ गया। जिसे देख वह मौके से फरार हो गया।

# टेंपो व ऑटो रिक्शा टकराए, एक युवक की मौत, छह लड़कियां घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत में जीटी रोड पर तेज रफ्तार टेंपो ट्रैवलर लोडिंग ऑटो से टकरा गया। हादसा होता देख ड्राइवर पहले ही नीचे कूद गया। आगे बैठे एक लड़के की मौत हो गई, जबकि 6 लड़कियां गंभीर रूप से घायल हो गईं। हादसा पुलिस लाइन के पास हुआ। ट्रैवलर सवार लोग कैथल से पेपर देने के बाद दिल्ली लौट रहे थे। वही, दिल्ली के अशोक नगर की रहने वाली शालू त्यागी ने सेक्टर-29 थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 18 मई की सुबह वह अपना प्रैक्टिकल पेपर देने के लिए कैथल के राजौंद स्थित एक कॉलेज गई थी। उसके साथ एक ट्रैवलर बस में अन्य छात्राएं भी मौजूद थीं। जब वे पानीपत में जीटी रोड पर पहुंचे तो उनकी बस के ड्राइवर मुख्तयार अहमद ने बस को बड़ी तेज रफ्तार, व लापरवाही से कट मारा। उसे सभी ने समझाया भी। इसके बाद भी वह नहीं माना। शाम करीब साढ़े 4 बजे जब बस पानीपत पुलिस लाइन से दिल्ली की तरफ जा रहे थे तो यहां भी बस चालक ने बहुत तेज गति से चलाकर बस का कट मारा।

इसके बाद बस जीटी रोड पर खराब खड़े एक लोडिंग वाहन में जा टकराई। जिससे बस में बैठे मैनेजर उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद निवासी मनीष शर्मा के अलावा अन्य छात्राएं भी घायल हो गईं। सभी को एक निजी अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने मैनेजर मनीष को मृत घोषित कर दिया।

■ हादसा पानीपत पुलिस लाइन के पास हुआ




# इलेक्ट्रॉनिक दुकान का शटर तोड़कर की चोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

शहर के पुराना हमीदा स्थित प्रवीण ऑटो इलेक्ट्रॉनिक दुकान का शटर तोड़कर चोरों ने हजारों रुपये का सामान चोरी कर लिया। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार पुराना हमीदा निवासी प्रवीण ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी कॉलोनी में ही प्रवीण ऑटो इलेक्ट्रॉनिक के नाम से दुकान है। बीती देर शाम वह रोज की तरह दुकान बंद करके घर चला गया था। जब सुबह वह वापस दुकान पर आया तो शटर का लगा ताला टूटा हुआ था और अंदर सामान बिखरा पड़ा था। जांच करने पर दुकान से ट्रक की 11 बैंटरी गायब मिली। इसके साथ ही दुकान से अन्य सामान भी गायब था। उसने चोरी की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

■ अज्ञात चोरों के खिलाफ पुलिस ने किया मामला दर्ज



# बोलेरो की टक्कर लगने से बाइक सवार की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिले के साढ़ौरा में बजाज एजेंसी के नजदीक बोलेरो गाड़ी की टक्कर लगने से बाइक सवार व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने अज्ञात बोलेरो चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार गांव ढ़लौर निवासी रामकरण ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका पिता 74 वर्षीय रामेश्वर बाइक पर किसी काम से साढ़ौरा जा रहा था। जब वह कस्बा में बजाज एजेंसी के पास पहुंचा तो सामने से तेज गति से आ रही बोलेरो गाड़ी ने उसके पिता की बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में उसका पिता गंभीर रूप से घायल हो गया। आरोपी बोलेरो चालक मौके से फरार हो गया।

आसपास के लोगों ने उसके पिता को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची।

पुलिस ने शव को कब्ज में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने अज्ञात चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

■ पुलिस ने आरोपी बोलेरो चालक के खिलाफ किया मामला दर्ज

# एक किलो अफीम के साथ प्रवासी काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पुलिस लगातार मादक पदार्थों की तस्करी करने वालों पर शिकंजा कस रही है। अब पुलिस ने एक किलो अफीम के साथ एक आरोपी को काबू किया है। दरअसल सीआईए वन को सूचना मिली कि अंबाला शहर में अफीम की बड़ी खेप पहुंची है। इस खेप को पकड़ने के लिए पुलिस ने योजना बनाई। इसके लिए सर्विस रोड जंडली फ्लाईओवर शमशान घाट के पास नाकाबंदी कर जांच शुरू की। जांच के दौरान ही पुलिस ने यूपीके बंदायू जिले के गांव जिंसीनगला के आरोपी नरेंद्र को काबू किया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 1 किलोग्राम अफीम जब्त की। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक आरोपी अफीम की सप्लाई करने के लिए अंबाला आया था। मगर इससे पहले ही पुलिस ने आरोपी को काबू कर लिया।

■ सप्लाई करने आया था अंबाला



अंबाला। अफीम तस्करीके आरोप में काबू किया गया आरोपी। फोटो : हरिभूमि

### कबूतरबाजी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना सेक्टर-9 में दर्ज कबूतरबाजी के मामले में पुलिस ने आरोपी अंकुश राज उर्फ छोटू को गिरफ्तार किया है। इस मामले में पहले गिरफ्तार आरोपी रोहित कुमार ने दौरान पूछताछ बतलाया कि अंकुश राज उर्फ छोटू भी इस मामले में संलिप्त है।

परिवादी सुखचैन सिंह ने 1 जून 2023 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपी रोहित कुमार व अन्य ने उसे विदेश भेजने के मामले में उससे एक बड़ी रकम हड़पने की धोखाधड़ी करने का अपराधिक कार्य किया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

## खबर संक्षेप

### ब्रेकर नहीं होने से सड़क हादसे का डर

**रादौर।** रादौर के एसके मार्ग के नवनिर्माण होने के बाद वाहनों की बढ़ रही तेज रफ्तार से लोगों को सड़क हादसों का डर सताने लगा है। कस्बावासियों ने पीडब्ल्यूडी विभाग से कस्बा के एसके रोड पर स्पीड ब्रेकर लगाए जाने की मांग की है। इस संबंध में स्थानीय लोगों ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को पत्र भेजकर शहर में एसके रोड पर स्पीड ब्रेकर लगाए जाने की मांग की है। कस्बावासी रमेश, सुरेंद्र, राजीव, मनोज व दिनेश आदि ने बताया कि रादौर में लंबे असें से क्षतिग्रस्त पड़े एसके रोड को कुछ दिन पहले सरकार द्वारा नवीनीकरण करवाया गया है। मार्ग के नवीनीकरण होने से लोगों को सुविधा को मिली है। मगर इसके साथ ही मार्ग पर वाहनों की होती तेज रफ्तार से सड़क हादसे बढ़ने लगे हैं।

### लड़की को डरा धमकाकर भगाने वाले को पकड़ा

**पानीपत।** पानीपत के एक गांव में युवक, 14 साल की लड़की को शादी की नीयत से डरा धमका कर भगा ले गया। पिता और मामा लड़की को ढूंढ़ने निकले, तो रास्ते में लड़का-लड़की दोनों ही मिल गए। दोनों को मौके पर पकड़ लिया। लड़के को पुलिस के हवाले कर दिया गया। वहीं, पुलिस के सामने लड़की ने बताया कि आरोपी युवक उसे जान से मारने की धमकी देकर शादी की नीयत से साथ ले जा रहा था। इसराना थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपी के खिलाफ बहला फुसलाकर भगा ले जाने का केस दर्ज कर लिया है।

### जागरूकता रैली निकाली

**पानीपत।** फैला उजियारा फाउंडेशन की प्रदेशाध्यक्ष कुमारी रंजीता कौशिक के नेतृत्व में गांव इसराना के मतदाताओं को लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक मतदान के लिए प्रेरित करने को मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। रंजीता ने ग्रामीणों को लोकसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान कर प्रजातंत्र को मजबूत करने की अपील की। वहीं कौशिक ने कहा कि जितना अधिक मतदान होगा उतना ही अधिक प्रजातंत्र मजबूत होगा।

### अलग-अलग स्थानों पर लगाई छबील

# मीठे जल की छबील लगाकर राहगिरों की बुझाई प्यास

श्री शिव खेड़ा मंदिर कमेटी रामपुरा कॉलोनी व जनकल्याण सेवा संघ ने ठंडा पानी पिलाकर गर्मी से राहत दिलाने का प्रयास किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर



यमुनानगर। रामपुरा कॉलोनी में छबील लगाकर राहगीरों को पानी पिलाते श्रद्धालु। फोटो: हरिभूमि

शहर की रामपुरा कॉलोनी स्थित श्री शिव खेड़ा मंदिर कमेटी द्वारा मौसम में बढ़ी गर्मी व एकादशी पर्व को लेकर रविवार को कॉलोनी में छबील लगाकर राहगिरों को ठंडा मीठा जल पिलाकर पुण्य कमाया। वहीं, जनकल्याण सेवा संघ द्वारा जगाधरी में छबील लगाकर राहगिरों को ठंडा पानी पिलाकर गर्मी से राहत दिलाने का प्रयास किया। मौके पर हलवे व चने का प्रसाद भी दिया गया।

श्री शिव खेड़ा मंदिर कमेटी के सदस्य हरीश दुग्गल, दिलीप लंबा, दविंदर सैनी, इंदर शर्मा, गौरव, दीपक गुप्ता व मंगल शर्मा ने बताया कि वैसे तो निर्जला एकादशी पर छबील का आयोजन किया जाता है। लेकिन बढ़ती गर्मी के चलते लोगों को मीठा जल पिलाने का निर्णय मंदिर कमेटी द्वारा लिया गया। इसी के चलते आज छबील लगाई गई। उन्होंने बताया कि निर्जला एकादशी पर भी छबील लगाई जाएगी। यह पहला ऐसा धार्मिक स्थल है जहां पर शिव परिवार, हनुमान जी का मंदिर है। वहीं पर खेड़ा मंदिर व गुगा माढ़ी भी है।

**जनकल्याण सेवा संघ ने जगाधरी में लगाई छबील**

रविवार को जगाधरी में जनकल्याण सेवा संघ के सदस्यों ने सुबह दस बजे से छबील लगाकर लोगों को मीठा जल पिलाना शुरु कर दिया और शाम चार बजे तक जल राहगिरों को जल पिलाया गया। छबील पर लोगों ने पानी पीकर प्यास बुझाई। इस दौरान श्रद्धालुओं ने दिन भर वाहन चालकों, राहगिरों को रोक-रोक कर मीठा जल पिलाया। वाहनों व राहगीरों को रोक कर मीठा जल पिलाया। श्रद्धालु नरेंद्र, मोहन, सुदेश, मदन लाल, प्रदीप व कुशालचंद आदि ने बताया कि निर्जला एकादशी पर लोगों को मीठा जल पिलाने से पूण्य मिलता है। उन्होंने कहा कि आज के समय में मानव सेवा धर्म से ऊपर कोई अन्य धर्म नही है। हमें निष्पक्ष भाव से आगे आकर प्रत्येक जरूरत मंद व गरीब व्यक्ति की सेवा करने के लिए तत्पर रहना चाहिए और लोगों को इसके लिए जागरूक करना चाहिए।

### दुष्कर्म करने के आरोप में तीन के खिलाफ केस

**यमुनानगर।** नाबालिग लड़की के साथ बहला फुसला कर दुष्कर्म करने के आरोप में पुलिस ने एक युवक समेत तीन के खिलाफ मामला दर्ज कर किया है। मामले में अभी किसी आरोपी को गिरफ्तार नहीं किया गया है। पुलिस मामले में जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार सदर यमुनानगर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गांव के ही अफरीदी ने उसकी 16 वर्षीय बेटी को बहला फुसला लिया। इस दौरान आरोपी अफरीदी ने कुछ दिन पहले उसकी लड़की को मिलने के लिए बुलाया। जब उसकी लड़की आरोपी से मिलने के लिए गई तो उसने उसके साथ जबरदस्ती दुष्कर्म किया। आरोपी ने उसकी लड़की की फोटो वायरल करने की धमकी दी। जिस कारण लड़की ने इस बारे किसी को नहीं बताया। इसके बाद आरोपी फिर से उसकी लड़की को परेशान करने लगा। जब वह आरोपी अफरीदी के घर पर विरोध जताने गया तो आरोपी के भाई आदिल व पिता सरताज अली ने उन्हें जान से मारने की धमकी दी। उसने आरोपियों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने जांच के बाद तीनों आरोपियों के खिलाफ धारा 354, 506, 6 व 8 पोक्सो एक्ट समेत विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

- आरोपी ने मिलने के लिए बुलाकर दुष्कर्म किया

# गर्मी व लू से बचाव के लिए सभी विभाग उठाएं जरूरी कदम: कैप्टन

- केंद्र गृहमंत्रालय द्वारा गर्मी को लेकर जारी की गई एडवाइजरी की पालना करने के लिए किया आहवान



यमुनानगर। अपने कार्यालय में लू से बचाव के बारे में जानकारी देते हुए प्राधिकरण के चेयरमैन एवं उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार।

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

मौसम में बदलाव के दृष्टिगत उपायुक्त एवं जिला आपदा एवं प्रबंधन प्राधिकरण के चेयरमैन कैप्टन मनोज कुमार ने गर्मी व लू से संरक्षण बचाव के लिए अधिकारियों व कर्मचारियों को एडवाइजरी के अनुसार जरूरी प्रबंध सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने रविवार को अपने कार्यालय में बातचीत करते हुए जिलावासियों को भी लू से खुद के बचाव के लिए जरूरी सावधानी बरतने के लिए एडवाइजरी की पूर्ण अनुपालना करने के लिए आहवान किया है। प्राधिकरण के चेयरमैन एवं उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने कहा कि गर्मी व लू से बचाव के लिए केंद्रीय गृह मंत्रालय भारत सरकार द्वारा एडवाइजरी जारी की गई है। जिसमें हर विभाग के लिए विशेष दिशा निर्देश दिए गए हैं। जिनकी अनुपालना अनिवार्य रूप से की जाएगी। विशेष रूप से स्वास्थ्य विभाग जरूरी प्रबंध सुनिश्चित करे। जिनमें ओआरएस, जरूरी दवाएं, क्या करें क्या न करें की जानकारी वाले बोर्ड की स्थापना, पेयजल आदि की पूर्ण व्यवस्था करें।

**बढ़े तापमान में लू लगने का रहता है डर**

उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने बताया कि गर्मी के मौसम में गरम हवा और बढ़े हुए तापमान से लू लगने का खतरा बढ़ जाता है। खासकर धूप में घूमने वालों, खिलाड़ियों,बच्चों, बुजुगोंर् और बीमार व्यक्तियों को लू लगने का डर ज्यादा रहता है। लू लगने पर उसके इलाज से बेहतर है कि हम लू से बचे रहें।

**बच्चों को वाहनों में ना छोड़ें**

उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने कहा कि गर्मी के मौसम में बच्चों को वाहनों में छोड़कर र न जाएं। इससे उन्हें लू लगने का खतरा हो सकता है। नंगे पांव बाहर न जाएं। गर्मी से राहत के लिए हाथ का पंखा अपने पास रखें। काम के बीच में थोड़ा थोड़ा विश्राम लें। खेत खलीहान में काम कर रहे हैं तो समय समय पर पेड़ या छाया में ही आसरा लें। गर्मी के मौसम में जंक फूड का सेवन न करें। ताजे फल, सलाद तथा घर में बना खाना खाएं।

# प्रियांशु बने मिस्टर प्रोफेशनल

- जेएमआईटी इंजीनियरिंग कॉलेज रादौर में प्रोफेशनल फिएस्टा का हुआ आयोजन
- कार्यक्रम में विभिन्न कॉलेजो के 109 प्रतिभागियों ने लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ⏭ रादौर



यमुनानगर। रादौर जेएमआईटी इंजीनियरिंग कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में विजेताओं को सम्मानित करते अतिथि। फोटो: हरिभूमि

जेएमआईटी इंजीनियरिंग कॉलेज रादौर में प्रोफेशनल फिएस्टा का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न कॉलेजो के विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज निदेशक डॉ. संजीव गर्ग ने किया। कॉलेज निदेशक डॉ. संजीव गर्ग ने कहा कि कार्यक्रम का आयोजन करने का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में आत्मविश्वास भरना रहा। उन्होंने कहा कि आज के बदलते दौर में आत्मविश्वास की सबसे ज्यादा जरूरत है। इस तत्व के बिना समाज में, संसार में व घर परिवार में कोई भी काम की संरचना इसी से होती है। कार्यक्रम पीडी डिपार्टमेंट के ट्यूनिक क्लब के द्वारा किया गया। कार्यक्रम की रूपरेखा डॉ. जया मल्होत्रा ने की। इस दौरान विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। मौके पर निर्णायक मंडल ने जेएमआईटी के छात्र प्रियांशु मिस्टर प्रोफेशनल चुना गया। वहीं, एमएलएन कॉलेज यमुनानगर से प्रांजल ककर को विशेष पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

# स्वामी दयानंद के बताए मार्ग का करें अनुशरण

- वैदिक सन्यास आश्रम फतेहपुर यमुनानगर में आर्य सम्मेलन का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर



यमुनानगर। वैदिक सन्यास आश्रम फतेहपुर यमुनानगर में आयोजित आर्य सम्मेलन में अपने विचार व्यक्त करते हुए यशदेव शास्त्री। फोटो: हरिभूमि

वैदिक सन्यास आश्रम फतेहपुर यमुनानगर में रविवार को आर्य सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में मुख्यातिथि के रूप में पतंजलि योगपीठ हरिद्वार से यश देव शास्त्री ने भाग लिया। जबकि विशिष्ठ अतिथि के रूप में सामाजिक कार्यकर्ता रोशन लाल कांबोज, मॉडल टाउन आर्य समाज के प्रधान विनोद भसीन, संजय चौधरी व आचार्य हरिशंकर अग्निहोत्री मौजूद रहे। मुख्यातिथि एवं पतंजलि योग पीठ हरिद्वार के यशदेव शास्त्री ने कहा कि स्वामी दयानंद सरस्वती द्वारा बताए गए मार्ग पर चलकर ही हम अपना जीवन सफल कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि आज हम अपनी पुरानी परंपराओं को भूलते जा रहे हैं। कभी किसी गांव में कोई बीमारी अपने पांव नहीं पसारती थी। मगर आज हर गांव में बीमारियों की भरमार है। शास्त्री ने कहा कि आर्य समाज द्वारा आयोजित सम्मेलन एवं सत्संग में जाने से ही इस प्रकार की हमें जानकारी मिलती है। ग्रामीण क्षेत्रों में भी अब तो व्यायाम करना बिल्कुल खत्म होता जा रहा है और लोग केवल शहरी तर्ज पर सैर करने लगे हैं। मोबाइल का प्रयोग बढ़ता जा रहा है। जिससे नुकसान भी हो रहा है। उन्होंने कहा कि जब भी कहीं आर्य समाज का सम्मेलन होता है और विद्वान वहां पहुंचते हैं तो हम सबको वहां जाकर उनके प्रवचन सुनने चाहिएं। यशदेव शास्त्री ने बताया कि आने वाली पीढ़ियों को भी ऋषि दयानंद के सिद्धांतों से परिचित करवाया जाए। ताकि युवापीढ़ी को भी पुरानी संस्कृति और परंपराओं का ज्ञान हो सके। हमें कभी किसी से ईर्ष्या नहीं करनी चाहिए और हमेशा सावधान रहकर ही अपना कार्य करना चाहिए। किस प्रकार महर्षि दयानंद सरस्वती ने आडंबर और अंधकार को खत्म करते हुए, लोगों को उजाले में ले जाने का काम किया था। हमें भी उसी तरह उनके शिक्षाओं पर चलते हुए उजाले की तरफ जाना है ना कि अंधकार और आडंबर की ओर। उन्होंने लोगों से हमेशा योग से जुड़े रहने के लिए प्रेरित किया।



# विद्यार्थियों में कौशल विकास का होना जरुरी: रोहताश

**रादौर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अलाहर में विद्यार्थियों ने जीवन कौशल पर प्रदर्शनी लगाई। जिसमें कक्षा छठी, सातवीं व आठवीं के विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने आकर्षक पोस्टर, मैजिक सीट, चार्ट, मॉडल प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में स्कूल के प्रिंसीपल रोहताश कुमार ने भाग लिया। प्रिंसीपल रोहताश कुमार ने बताया कि स्कूलों में चल रही जीवन कौशल गतिविधियों से विद्यार्थियों में विभिन्न जीवन कौशलों का विकास हो रहा है। विद्यार्थी खेल खेल में जीवन कौशल सीख रहे हैं। उन्होंने कहा कि आधुनिकता के दौर में विद्यार्थियों में कौशल विकास होना जरुरी है। विद्यार्थियों ने बताया कि चार्ट, मॉडल, पोस्टर व मैजिक सीट बनाकर उन उन में प्रतिभा उजागर हो रही है। संयोजक मेहरबान अली ने बताया कि स्कूल में विभिन्न कौशलों पर कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

# नशा त्याग कर समाजहित में काम करें युवा: राजेंद्र

- मां दुर्गा की महाआरती में गूंजे मां के जयकारे
- भगवती मानव कल्याण संगठन द्वारा रादौर में आयोजित की महाआरती
- रादौर क्षेत्र के मां के भक्तों ने लिया महाआरती में भाग

हरिभूमि न्यूज ⏭ रादौर



रादौर। आयोजित महाआरती में भाग लेते हुए श्रद्धालु।

भगवती मानव कल्याण संगठन व पंचज्योति शक्ति तीर्थ सिद्धाश्रम ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को मासिक महाआरती शहर की पंजाबी धर्मशाला में आयोजित की गई। जिसमें माँ दुर्गा जी की महाआरती का क्रम सम्पन्न किया गया। सर्वप्रथम माँ दुर्गा व जय गुरुवर के जयकारों का जयघोष किया गया। इसके बाद शंखनाद किया गया। मंच संचालन संगठन के तेजपाल झगुड़ी ने किया। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष राजेन्द्र मेहता ने कहा कि भगवती मानव कल्याण संगठन सभी जाति, धर्म के लोगों को समभाव से साथ में लेकर उन्हें एक नई दिशा देने का कार्य कर रहा है। उसी का परिणाम है कि आज इस महाआरती क्रम में नशा व मांसाहार से मुक्त चरित्रवान जीवन जीने वाले लोग भाग ले रहे हैं। उनके ऊपर माँ की कृपा बनी हुई है।

मानवता की सेवा, धर्म रक्षा व राष्ट्र रक्षा के लिए अपनी शक्ति का सदुपयोग कर रहे हैं। उन्होंने युवाओं को नशा व मांसाहार मुक्त होकर जीवन जीने के लिए आहवान किया। अन्त में भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के जिला अध्यक्ष दीवान चंद मंधार ने भक्तों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर विक्रम सैनी, सतीश चमरौही, बलवंत काम्बोज, प्रमोद गुप्ता, राजेश बुबका, सत प्रकाश, अनिल मास्टर, शेर सिंह काम्बोज, राय सिंह सैनी, रमेश आहूजा, साहिल राव, धर्म सिंह व दीप चन्द धीमान आदि मौजूद रहे।

# दो युवतियों व एक नाबालिग को शादी का झांसा देकर किया अगवा

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

शादी का झांसा देकर बहला फुसला कर जिले में अलग-अलग स्थानों से युवकों ने दो युवतियों व एक नाबालिग को अगवा कर लिया। बिलासपुर थाना क्षेत्र निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी 18 वर्षीय लड़की 18 मई को किसी काम से घर से बाहर गई थी। मगर उसके बाद वापस नहीं लौटी। उन्होंने उसकी तलाश की तो पता चला कि उसकी लड़की को उत्तर प्रदेश के गांव मालपुर निवासी जावेद शादी का झांसा देकर अगवा करके ले गया है। उसने आरोपी के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। उधर, शहर जगाधरी थाना क्षेत्र की एक कालोनी निवासी व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत 17 मई को उसकी लड़की किसी काम से बाहर गई थी मगर वापस नहीं लौटी। उन्होंने उसकी तलाश की तो पता चला कि उसकी लड़की को सन्नी नामक युवक शादी का झांसा देकर अगवा करके ले गया है। वहीं, शहर के नजदीक स्थित गांव में किराए के मकान में रहने वाली महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बिहार निवासी अभिषेक उसकी 14 वर्षीय लड़की को शादी का झांसा देकर अगवा करके ले गया है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी अभिषेक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

- पुलिस ने तीन युवकों के खिलाफ मामला दर्ज कर 3 तलाश शुरु की

### हनुमान गेट के नजदीक आश्रम में धार्मिक संत समागम का आयोजन

# ईश्वरीय कृपा से जीवात्मा को होती है मानव तन की प्राप्ति

- धार्मिक कार्यक्रम में स्वामी गुरु ज्ञानानंद ने मानवीय जीवन के गहन सूत्रों की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर



यमुनानगर। जगाधरी में दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा आयोजित धार्मिक कार्यक्रम में मानवीय जीवन के सूत्र बताते हुए स्वामी गुरु ज्ञानानंद व श्रवण करती साध संगत। फोटो: हरिभूमि

दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा जगाधरी के हनुमान गेट के नजदीक स्थित आश्रम में रविवार को धार्मिक संत समागम कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में आसपास के क्षेत्र की साध संगत ने भाग लिया। इस दौरान दिव्य गुरु आशुतोष महाराज के शिष्य स्वामी गुरु ज्ञानानंद ने मानवीय जीवन के गहन सूत्रों को उद्घाटित किया। स्वामी गुरु ज्ञानानंद ने फरमाया कि ईश्वरीय कृपा से ही जीवात्मा को मानव तन की प्राप्ति होती है। पुण्य कर्म संस्कारों के द्वारा भक्ति एवं अध्यात्म में रूचि होती है। जब किसी जीवात्मा को मानव तन की प्राप्ति हो गई है तब इसका अर्थ है कि उसे परमात्मा की कृपा मिल चुकी है। वह आध्यात्म एवं भक्ति लिए स्वतंत्र है। स्वामी ने समझाया कि जब एक भक्त भक्ति पथ पर अग्रसर होता है तो उसके मार्ग को अवरुद्ध करने के लिए कई रुकावटें खड़ी हो जाती हैं। तब उसकी भक्ति को भी सुरक्षा की आवश्यकता होती है। जैसे किसान बड़ी मेहनत से अपने खेत में फसल उगाता है तो वह कीड़े, मकोड़े, पशु पक्षियों से उसकी रक्षा भी करता है। तभी उसे अच्छी फसल प्राप्त होती है। इसी प्रकार एक भक्त को भक्तिमार्ग की बाधाओं से बचते हुए अपने परम लक्ष्य के लिए प्रयासरत रहना चाहिए। जीवन में कुसंग का होना भक्ति मार्ग की सबसे बड़ी बाधा है।

# महाराजा भागीरथ की मनाई जयंती

- सैनी समाज रादौर ने कस्बा के खेड़ा मोहल्ला में आयोजित किया कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रादौर



यमुनानगर। रादौर में महाराजा भागीरथ के चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन करते स्थानीय लोग। फोटो: हरिभूमि

सैनी समाज रादौर के तत्वावधान में रविवार को कस्बा के खेड़ा मोहल्ला में महाराजा भागीरथ की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाज के प्रधान संदीप सैनी ने की। मौके पर महाराजा के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया गया। समाज के प्रधान संदीप सैनी ने कहा कि माँ गंगा को धरा लाने वाले महाराजा भागीरथ ने पुण्य का काम किया है। वह अयोध्या के इक्ष्वाकु सूर्यवंशी राजा थे। वह अंशुमान के पौत्र और राजा दिलीप के पुत्र थे। अंशुमान अपने पुत्र दिलीप को राज्य भार सौंप कर गंगा को पृथ्वी पर लाने के लिए तपस्या करने लगे। महाराजा भागीरथ के सामने अपने पितामह का वचन और पिता का तप था। उन्होंने अपनी कठिन साधना और घोर तपस्या के बल पर भगवान शिव को प्रसन्न कर लिया। वह गंगा को पृथ्वी पर लाने में सफल हुए। इस अवसर पर डॉक्टर बलबीर सैनी, अंजेश सैनी, मोहित सैनी, श्याम सैनी, सोनू सैनी, जगन चौहान, योगेश सैनी, विमल सैनी, सतीश सैनी व अशोक सैनी आदि मौजूद रहे।

खबर संक्षेप



## बच्चों ने उत्साह से देखा का जादू का खेल

**कुरुक्षेत्र।** विद्या भारती हरियाणा एवं हिंदू शिक्षा समिति के तत्वाधान संचालित विद्यालय गीता निकेतन विद्या मंदिर सेक्टर- 3 में रेडक्रॉस सोसाइटी के माध्यम से एक अद्वितीय और मनोरंजक जादू शो का आयोजन किया गया। जादूगर सम्राट सतीश कुमार ने अपने जादू के करतब दिखाए। जादू के खेल को बच्चों ने उत्साह के साथ देखा। कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय में किया गया। इस जादू शो का उद्देश्य विद्यार्थियों को न केवल मनोरंजन बल्कि उनके तार्किक सोच को प्रोत्साहित करना रहा।



## सतीश चंद्र को पुण्यतिथि पर किया नमन

**कुरुक्षेत्र।** जनसंघ व भाजपा के नेता इंजियर डॉ सतीश चंद्र आश्री की पुण्यतिथि पर जनसंघ, भारतीय जनता पार्टी व भाजपा के अनेक वरिष्ठ पदों पर रहे डॉ मंगल सेन के साथ कंधे से कंधा मिलाकर कांग्रेस सरकारों में पुलिस द्वारा जेलों में दी गई यातनाएं सहने सवर्गीय इंजीनयर व डॉ सतीश चंद्र आश्री की पुण्यतिथि के अवसर पर उन्हें नमन कर उनके भाजपा को समर्पित पूरे जीवन का विस्तृत चित्रण कर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित किए ।

## मतदान करके निभाएं देश के प्रति कर्तव्य

**कुरुक्षेत्र।** सहायक निर्वाचन अधिकारी एवं उपमंडल अधिकारी नागरिक सुरेंद्र पाल ने कहा कि लोकतंत्र प्रणाली में जनता सर्वोपरि होती है और एक-एक वोट का बड़ा महत्व होता है, इसलिए सभी मतदाताओं को लोकतंत्र के इस उत्सव में 25 मई को मतदान करके देश के प्रति अपने कर्तव्य को निभाएं।उन्होंने जिला के मतदाताओं से आह्वान किया कि मतदान करना उनका अधिकार है। चमतदान करने का मौका 5 साल के बाद मिलता है। यह अवसर हमें गंवाना नहीं चाहिए।

## मतदान के महत्व पर दिया जोर

**कुरुक्षेत्र।** उदयन शालिनी फेलोशिप कुरुक्षेत्र चैप्टर ने मतदान जागरूकता, टीकाकरण जागरूकता और विदेश में कानूनी प्रवासन जैसे महत्वपूर्ण विषयों को संबोधित करते हुए एक व्यापक सामाजिक अभियान का आयोजन किया। कार्यक्रम की शुरूआत संयोजक डॉ. सुषमा शर्मा, सह-संयोजक डॉ. रामनिवास, यूएसएफ सहायक प्रबंधक वरुणा तमतासभी शालिनियों की उपस्थिति में हुई।



### योग हमें मानव धर्म अपनाने की देता प्रेरणा : स्वामी ज्ञानानंद

# ऐतिहासिक ब्रह्मसरोवर पर साधकों ने किया प्रोटोकॉल योगाभ्यास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

आयुष मंत्रालय भारत सरकार मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान एवं भारतीय योग संस्थान रोहिणी दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के प्रति जन जागरण के उद्देश्य से अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस से 33 दिन पूर्व आज हरियाणा के कुरुक्षेत्र में ऐतिहासिक स्थल ब्रह्म सरोवर पर पुरुषोत्तमपुरा बाग में आयोजित 'मानवता के लिए योग' उत्सव बड़े उत्साह एवं हर्षोल्लाह से मनाया गया। उत्सव के मुख्य अतिथि मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान के पूर्व निदेशक एवं सदस्य डॉ ईश्वर वी बसवारेड्डी एवं प्रातः स्मरणीय गीता मनीषी पूज्य स्वामी ज्ञानानंद, भारतीय योग संस्थान के सम्मानित योगरत्न की उपाधि से विभूषित अखिल भारतीय प्रधान देशराज, सम्मानित अखिल भारतीय महामंत्री ललित गुप्ता, अखिल भारतीय कोषाध्यक्ष सुरेश विज, हरियाणा प्रांत इकाई के प्रधान ओमप्रकाश व कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के मानद सचिव उपेंद्र सिंघल सहित उपस्थित अतिथियों ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उपस्थित साधकों को संबोधित करते हुए स्वामीजी ने कहा कि इस कार्यक्रम में आये हुए किसी भी साधक से उनकी आयु जाति वर्ग लिंग इत्यादि नहीं पूछा गया क्योंकि योग हमें मानव धर्म अपनाने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि देश विदेश में 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाए जाने का श्रेय भारत के प्रधानमंत्री को ही जाता है। उन्होंने केंद्र सरकार, आयुष मंत्रालय एवं मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान का आभार प्रकट किया जिन्न में इस वर्ष के अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का थीम मानवता के लिए योग रखा है। उन्होंने भारतीय योग संस्थान द्वारा इतने कम समय में इतना सुंदर आयोजन करने के लिए भी साधुवाद दिया। कार्यक्रम में उमड़ी भीड़ की संख्या से प्रफुल्लित होकर मुख्य अतिथि डॉ ईश्वर बस्वारेड्डी ने कहा कि भारतीय योग संस्थान ने हर बार कमाल करके दिखाया है। उन्होंने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस से 100 दिन पहले योग जन जागरण कार्यक्रम करवाए जाते हैं ताकि लोगों में योग के प्रति रुचि बढ़े और लोग नियमित रूप से योग करना आरंभ करें। ओमप्रकाश ने संचालन क्रियाएं, देशराज ने योगासन, ललित गुप्ता ने प्राणायाम व सुरेश विज ने ध्यान साधना का सुंदर अभ्यास करवाया। केंद्रीय कार्यकारिणी सदस्या डॉ मीनू गुप्ता ने मंच संचालन, प्रांतीय मंत्री मानसिंह ने स्वागत तथा प्रांतीय संरक्षक राजकिशन सैनी ने सभी का धन्यवाद किया। प्रशासनिक अधिकारियों, कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के अधिकारियों व सदस्यों, संस्थान की केंद्रीय कार्यकारिणी के सदस्य किशोर कुमार, चंडीगढ़ प्रांत प्रधान गोपाल दास, हरियाणा प्रांत कार्यकारिणी के सदस्यगण सहित पूरे हरियाणा व चंडीगढ़ से संस्थान के साढे आठ सौ से अधिक योग साधक, 2500 से अधिक विद्यालयों के विद्यार्थी व आचार्य, स्थानीय योग संस्थाओं के साधक तथा आम जनता की इस कार्यक्रम के प्रति उत्साह पूर्वक उमड़ी भीड़ के सामने ब्रह्म सरोवर का पुरुषोत्तम पुरा बाग छोटा पड़ गया और कई साधकों व विद्यार्थियों को ब्रह्म सरोवर के घाट पर आसान लगाने पड़े। अनुमानित संख्या 4000 से ऊपर रही।






**कुरुक्षेत्र।** कार्यक्रम में मंच पर विराजमान मुख्य अतिथि ईश्वर वी बसवा रेड्डी, गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज, कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के मानद सचिव उपेंद्र सिंघल व भारतीय योग संस्थान के शीर्ष अधिकारी गण व योगाभ्यास करते साधक गण। *फोटो : हरिभूमि*

### योग के साथ-साथ आहार व व्यवहार पर भी ध्यान देना चाहिए

संस्थान की हरियाणा प्रांत इकाई के प्रेस प्रवक्ता गुलशन कुमार ग्रोवर ने बताया कि प्रातः 9:30 बजे संस्थान के योगासन मिजार्पुर में अर्ध दिवसीय योग शिविर में सभी अतिथियों, केंद्रीय कार्यकारिणी सदस्यों व प्रांतीय कार्यकारिणी सदस्यों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के पश्चात मुख्य अतिथि ईश्वर वी बसवा रेड्डी ने कहा कि योग साधकों को योग के साथ-साथ आहार व व्यवहार पर भी ध्यान देना चाहिए। अति विशिष्ट अतिथि श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय के कुलपति वैद्य करतार सिंह धीमान ने कहा कि जिस प्रकार कंप्यूटर में अच्छे हार्डवेयर के साथ-साथ अच्छा सॉफ्टवेयर होना भी आवश्यक है उसी प्रकार हमारे सुंदर तन में सुंदर मन व बुद्धि होना भी आवश्यक है और यह योग से संभव है। विशिष्ट अतिथि मातृभूमि सेवा मिशन के संस्थापक डॉ श्री प्रकाश मिश्रा ने योग को राष्ट्रीय एकता के लिए आवश्यक बताते हुए कहा कि योग के बल पर ही भारत एक दिन विश्व गुरु बनेगा। महामंत्री ललित गुप्ता ने प्राणायाम के लाभ व महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि भारतीय योग संस्थान ने अपने केन्द्रों पर दैनिक साधना में प्राणायाम का समय बढ़ा दिया है। अखिल भारतीय प्रधान देस राज ने योग का शरीर पर प्रभाव विषय पर सुंदर वार्ता प्रस्तुत करते हुए शरीर की सभी प्रणालियों के बारे में संक्षेप में बताते हुए यह भी बताया कि योग से किस प्रणाली पर कैसा और किस प्रकार प्रभाव पड़ता है। प्रांतीय प्रधान ओमप्रकाश ने सभी का धन्यवाद किया।



## किड्जी स्कूल में मनाया येलो डे

**कुरुक्षेत्र।** किड्जी स्कूल सेक्टर -3,कुरुक्षेत्र में येलो डे मनाया गया। कार्यक्रम में 180 बच्चों ने प्रतिभागिता की जिसमें बच्चों ने पीले रंग से संबधित वस्तुएं, खाना, फल, वेशभूषा का प्रस्तुतीकरण किया गया। साथ ही पीले रंग को विभिन्न कार्यों में प्रयोग में लाने के गुण भी सिखाए गए। आम फलों का राजा है उन्हें यह भी बताया गया कि आम में फाइबर होता है जो आपके शरीर को सही तरीके से काम करने में मदद करता है। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रबंधक परिमंदर सिंह बाठ द्वारा किया गया। उन्होंने कहा कि इस गतिविधि का उद्देश्य नन्हें -मुन्ने बच्चों को इस रंग की बारीकियों व खूबियों के बारे में विस्तार से जानकारी देना है। उन्होंने बताया कि सनातन धर्म में पीले रंग का संबंध गुरु बृहस्पति से माना गया है।



## वात्सल्य वाटिका में किया हवन यज्ञ

**कुरुक्षेत्र।** वात्सल्य वाटिका में मासिक हवन यज्ञ किया गया। हवन यज्ञ में बाल कल्याण समिति कुरुक्षेत्र के चेयरमैन कृष्ण पांचाल मुख्य यजमान और वात्सल्य वाटिका ट्रस्ट के प्रधान ओम प्रकाश मित्तल मुख्य अतिथि रहे। विश्व हिंदू परिषद के पं प्रेम नारायण अवस्थी ने यज्ञ सम्पन्न करवाया। सभी भक्तों ने मिल कर मंत्रों सहित आहुतियां डाली। मुख्य यजमान कृष्ण पांचाल ने कहा कि स्वामी हरिओम दास परिव्राजक यहां बचपन से ही बच्चों में संस्कार रोप देते हैं और वह बड़ा होकर संस्कारी बनता हैं। स्वामी हरिओम दास परिव्राजक ने कहा कि हम सभी को आज जागना होगा और अपने साथियों को भी जगाना होगा। 25 मई को हमारे राष्ट्र का बहुत बड़ा पर्व मतदान दिवस है। हम सभी को अपने मत का प्रयोग देश व धर्म कल्याण हेतु करना चाहिए।

## आप व्यापारी प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष का इस्तीफा, नवीन जिन्दल को दिया समर्थन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



आम आदमी पार्टी व्यापारी प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष सुरेश गर्ग ने स्वाति मालीवाल के साथ हुई मारपीट के विरोध में इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने कहा कि अण्णा हजारे के आंदोलन के पहले से जो बेटी हमारे हर सुख-दुख में साथ थी, उसके साथ दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने जो मारपीट और बदसलूकी कराई, उससे पूरा अग्रवाल समाज शर्मसार है। इस घटना के खिलाफ पूरा अग्रवाल समाज एकजुट है और वह कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र में आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी सुशील गुप्ता का बहिष्कार करेगा। उन्होंने घोषणा की कि उनका समाज भाजपा के नवीन जिन्दल का दिल से समर्थन कर उन्हें भारी मतों से जिताएगा। कुरुक्षेत्र में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में सुरेश गर्ग ने कहा कि जो व्यक्ति घर की बेटी के साथ गुंडागर्दी करवा सकता है, वो किसी के साथ कुछ भी कर सकता है। विडंबना है कि केजरीवाल जुल्म का जवाब वोट से देने की अपील करता फिर रहा है, लेकिन वह अपने घर में ही जुल्म कर रहा है।

### नवीन जिन्दल दूरदर्शी नेता

भाजपा प्रत्याशी नवीन जिन्दल को सुख-दुख का साथी बताते हुए सुरेश गर्ग ने कहा कि इस क्षेत्र का विकास केवल नवीन जिन्दल कर सकते हैं। उन्होंने संसदीय क्षेत्र के विकास के लिए संकल्प-पत्र जारी किया है, जिसके तहत विश्व स्तर के दो कौशल विद्या केंद्र खोले जाएंगे, जहां से प्रतिवर्ष 10 हजार छात्र निकल कर न सिर्फ नौकरी पा सकेंगे, बल्कि अपना रोजगार भी कर सकेंगे।

## भीषण गर्मी से हरी सब्जियों की खेती को सकता है नुकसान

**कुरुक्षेत्र।** मौसम की गर्मी चरम पर पहुंच रही है तो भीषण गर्मी और लू के चलते बागवानी फसलों को बहुत अधिक नुकसान पहुंचने की संभावनाएं बढ़ गई हैं। कुरुक्षेत्र तथा आसपास के क्षेत्रों में रविवार को तापमान 44 डिग्री के पार रहा। ऐसे तापमान में किसानों एवं कृषि विशेषज्ञों की चिंता अधिक हो गई है। कृषि वैज्ञानिक डा. सी.बी. सिंह ने कहा कि मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में अधिक तापमान रहने की संभावना है। उन्होंने कहा कि ऐसी भीषण गर्मी से हरी सब्जियों के उत्पादन में गिरावट आ सकती है। डा. सिंह ने कहा कि किसानों को फसलों को बचाने के लिए कृषि अधिकारियों एवं कृषि विशेषज्ञों से राय लेनी चाहिए। कृषि विशेषज्ञों के अनुसार भीषण गर्मी व तापमान में हो रही बढ़ोतरी की वजह से फसलों में सिंचाई का पूरा ध्यान रखना चाहिए। .



## शत्रुओं का नाश करते हैं भगवान पक्षीराज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिहोवा

मॉडल टाउन स्थित श्री दक्षिणा काली पीठ मंदिर में भारत साधु समाज के प्रदेशाध्यक्ष महंत बंसी पुरी महाराज के सानिध्य में चार दिनों तक चलने वाला भगवान पक्षीराज प्रकटोत्सव एवं स्थापना दिवस के दूसरे दिन पंडित नारायण शर्मा, विजेंद्र शर्मा, सहित अनेक विद्वान ब्राह्मणों द्वारा यजमानों से पूरे विधि विधान से पूजा पाठ का कार्य संपन्न करवाया गया। कार्यक्रम में पहुंचे इकबाल सिंह (डीको) पार्षद लुधियाना, मोहन सिंह लुधियाना, साधू सिंह वालिया, प्रो. जीवन बक्शी कुरुक्षेत्र ने पूजा पाठ में भाग लेकर संत महात्माओं का आशीर्वाद लिया। जानकारी देते हुए व्यवस्थापक स्वामी खटवांग पुरी ने बताया कि यह भव्य कार्यक्रम 21 मई को विशेष जप, अनुष्ठान, संतों के प्रवचन, कन्या पूजन एवं विशाल भंडारे के साथ संपन्न होगा। कार्यक्रम में पहुंची महामंडलेश्वर स्वामी विद्यागिरी ने कहा कि भगवान शरभ पक्षीराज परम दयालु है वे अपने भक्तों को ही नहीं अन्य देवों के भक्तों की भी रक्षा के लिए, दुख देने वाले शत्रुओं का नाश करने के लिए तत्पर रहते हैं। स्वामी विद्यागिरी ने भगवान पक्षीराज के बनाए गए मंदिर को लेकर उनके इस सराहनीय प्रयास की प्रशंसा कर आभार जताया।



**पिहोवा।** भगवान पक्षीराज की आराधना करते महंत बंसी पुरी व अन्य।

## गर्मी ने उड़ाए होश, सड़कें रही वीरान

■ मुंह पर रूमाल, टोपी और चश्मा पहन कर निकले लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

गर्मी के तल्ख तेवर लोगों के होश उड़ा रही हैं। रविवार को झुलसाने वाली तेज धूप ने लोगों को घर में ही रहने को मजबूर कर दिया। रविवार को बाजार बंद होने से शहर की सड़कें वीरान रहीं। जो लोग किसी जरूरी कार्य से बाहर निकले, उन्हें गर्म हवा के थपेड़ों ने खूब परेशान किया। लगातार बढ़ रही गर्मी ने लोगों का दिन का चैन और रात की नींद उड़ा रखी है। सुबह से ही तेज धूप लोगों के पसीने छुड़ा रही है। रविवार को बाजार बंद होने की वजह से सड़कें सुनसान पड़ी रही। किसी जरूरी कार्य के लिए घरों से निकले लोग अपने आप को अच्छी तरह कपड़े से ढक कर निकले। इस दिनों गर्मी इतनी ज्यादा बढ़ गई है पंखे और कूलर की हवा में ड्डी लोगों को चैन नहीं मिल रहा है। रविवार को अधिकतम तापमान 44 डिग्री दर्ज किया गया। जिला ड्डार में गर्मी ने अपने तेवर दिखाना शुरू कर दिए हैं। सूर्य देव की तपिश लोगों को धीरे धीरे झुलसाने का काम कर रही है। सुबह नौ बजे के बाद से ही पारा धीरे धीरे बढ़ने लगता है जबकि दोपहर के समय तो गर्मी पूरे पीक पर पहुंच जाती है। गर्मी के कारण आम जनजीवन पूरी तरह से अस्त व्यस्त हो गया है। वहीं, गर्मी से बचने के लिए लोग टोपी चश्मे और रूमाल का सहारा ले रहे हैं। दुपहिये वाहन चालक मुंह पर रूमाल, टोपी और चश्मा पहन गंतव्य तक जाते दिखे।



**कुरुक्षेत्र।** छबील लगाकर राहगीरों की प्यास बुझाते गणमान्यजन।

## रोड शो के लिए लेनी होगी परमिशन : सरला

**कुरुक्षेत्र।** चुनाव तहसीलदार सरला कौशिक ने कहा कि लोकसभा आम चुनाव-2024 में प्रत्येक राजनीतिक पार्टी व उम्मीदवार को निर्वाचन आयोग के नियमों की पालना करनी होगी। निर्वाचन आयोग के निदेशार्नुसार जिला में पारदर्शी व निष्पक्ष ढंग से चुनाव करवाए जाएंगे। किसी भी राजनैतिक दल को कोई रैली या रोड शो का काफिला निकालना है तो इसके लिए जिला प्रशासन से अनुमति लेनी जरूरी है। रोड शो के काफिले से रोड जाम नहीं होना चाहिए। जहां पर अस्पताल व ट्रॉमा सेंटर होगा वहां से कोई भी राजनीतिक पार्टी रोड शो का काफिला नहीं निकाल सकेगी। इसके अतिरिक्त रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक लाउडस्पीकर का प्रयोग नहीं किया जाएगा।

## वैश्य समाज निकलेगा जागरूकता रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



■ 22 मई को मतदाताओं को जागरूक करेंगे

भीषण गर्मी के बावजूद भी अग्रवाल वैश्य समाज हरियाणा के सदस्य एवं पदाधिकारी समाज की अन्य संस्थाओं के सहयोग से 22 मई को कुरुक्षेत्र में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए विशाल रैली निकालेंगे।

अग्रवाल वैश्य समाज हरियाणा के प्रदेश महासचिव राजेश सिंगला ने बताया कि मतदाता जागरूकता रैली में लोग सारे काम छोड़ दो, सबसे पहले वोट दो, मतदान आपका हक है और जिम्मेदारी भी, लोकतंत्र का यह आधार, वोट न कोई हो बेकार इत्यादि स्लोगन लिखे बैनरों को हाथ में लेकर हजारों की संख्या में लोग रैली में शामिल होंगे। सिंगला ने बताया कि भीषण गर्मी के बावजूद सैंकड़ों वाहनों में लोग पूरे शहर के मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक करने का कार्य करेंगे।

महाराजा अग्रसेन शिक्षा सम्मान योजना के प्रधान मुनीष मित्तल ने कहा कि हमारा देश भारत एक लोकतंत्रात्मक गणराज्य है, जहां जनता का शासन चलता है। जनता अपने मताधिकार का इस्तेमाल कर एक ऐसे व्यक्ति को चुनती है, जो देश के विकास करवाने के लिए योग्य हो और देश की बागडोर को कुशलतापूर्वक संभाल सके। हर एक व्यक्ति का वोट बेहद कीमती होता है, क्योंकि एक वोट भी किसी सरकार को गिराने और उसे बनाने का दमखम रखता है, लेकिन आज भी कई लोग अपने मताधिकार का इस्तेमाल करने को लेकर जागरूक नहीं है।

अग्रवाल वैश्य समाज के जिलाध्यक्ष अशोक गर्ग ने कहा कि लोगों को मतदान के महत्व को समझाने और इसके प्रति जागरूक करने के लिए यह जागरूकता रैली निकाली जा रही है। रैली के लिए युवा जिलाध्यक्ष गौरव तायल, प्रदेश संगठन मंत्री संजीव गर्ग, कपिल मित्तल, शुभम सिंगला, अग्रोहा धाम वैश्य समाज के जिलाध्यक्ष अशोक गुप्ता, विजय गर्ग, अजय गुप्ता, विपिन गर्ग, बी.बी. जिंदल इत्यादि भी सहयोग कर रहे हैं।

## कचहरी परिसर में लगाया वाटर कूलर

■ जिला बार अध्यक्ष कृष्ण कुमार ने निजी कोष से स्थापित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कचहरी परिसर में वकीलों के लिए वाटर कूलर स्थापित किया गया ताकि कचहरी में काम कर रहे वकीलों एवं अन्य लोगों को ठंडा पानी उपलब्ध कराया जा सके। खास बात यह है कि जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष कृष्ण कुमार गुप्ता ने अपने निजी कोष से समाज सेवा के तहत इस प्रोजेक्ट को अमली जामा पहनाया है। जानकारी देते हुए बार एसोसिएशन के अध्यक्ष कृष्ण कुमार गुप्ता ने कहा कि जिला कोर्ट में समूचे जिले से लोग पहुंचते हैं ताकि केस की पैरवी की जा सके। इस दौरान देखा गया है कि लोग ठंडे पानी के लिए तरसते रहते हैं। यही वजह है कि उन्होंने वकीलों और लोगों की सुविधा के लिए वाटर कूलर लगाने का फैसला लिया था जिसे आज पूरा किया गया है। बार एसोसिएशन के सभी पदाधिकारी ने आज वाटर कूलर का उद्घाटन किया । इस मौके पर महासचिव रविंद्र सांगवान, उप प्रधान अंकित गौतम, सह सचिव तुषार सैनी, पृथ्वी, विकास सांगवान, बलबीर कश्यप, जेएस सलाखे, रामपाल सैनी, समेर सिंह, जसविंदर सिंह, एस बधवार, करण, मनीराम सैनी, धीरज अत्री, बिजेंदर बांगड़, सीबी शर्मा भी मौजूद रहे ।



**कुरुक्षेत्र।** कचहरी परिसर में वाटर कूलर का उद्घाटन करते अध्यक्ष कृष्ण कुमार गुप्ता व अन्य। *फोटो : हरिभूमि*

### अजरानी में लगाया निशुल्क सामान्य चिकित्सा व परामर्श शिविर

# गर्मी के बढ़ते प्रकोप में ब्रेन स्ट्रोक से रहें सावधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

राजकीय माध्यमिक विद्यालय गांव अजरानी में निशुल्क सामान्य चिकित्सा व परामर्श शिविर डीआर जैन न्यूरोकेयर एंड मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल कुरुक्षेत्र द्वारा लगाया गया। शिविर में सुप्रसिद्ध ब्रेन व स्पाइन न्यूरो सर्जन डॉ हिमांशु जैन ने कहा कि कुछ दिनों से भीषण गर्मी और लू का प्रकोप जारी है। ऐसे मौसम में कई स्वास्थ्य समस्याएं लोगों के सामने आती हैं। इससे बच्चों से लेकर बुजुर्ग प्रभावित हो रहे हैं। गर्मी की वजह से डिहाइड्रेशन, पेट दर्द, उल्टी, बुखार और डायरिया तो सामान्य बीमारी है। मगर, इन दिनों कुछ लोग ब्रेन स्ट्रोक की चपेट में भी आ रहें हैं। उन्होंने बताया कि ब्रेन स्ट्रोक दिमाग को रक्त की आपूर्ति करने वाली नसों के फटने या फिर थक्का जमने की वजह से होता है। विस्तृत जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि किसी व्यक्ति को स्ट्रोक तब होता है, जब रक्त की आपूर्ति कम या बाधित होने के कारण दिमाग के सेल्स मरने लगते हैं। गर्मी का प्रकोप बढ़ते ही शरीर जरूरत से ज्यादा गर्म होने लगता है। इसकी चपेट में ज्यादातर ऐसे लोग आते हैं, जो लंबे समय तक तेज धूप और बढ़े हुए तापमान के सीधे संपर्क में रहते हैं। डॉ जैन ने बताया कि अगर ब्रेन स्ट्रोक के मरीज को जल्दी से जल्दी ऐसे अस्पताल ले जाया जाए, जहां न्यूरो के विशेषज्ञ हों, तो बचने की उम्मीद अधिक होती है। उन्होंने बताया कि कमजोरी या सुन्न होना, अचानक आंखों से धुंधला दिखना, अचानक बेहोश होना, तेज सिर दर्द, शरीर संतुलन में दिक्कत और हाथ-पैर में कंपन आदि लक्षणों को कभी भी नजरअंदाज न करें। मेडिकल कैंपस एक्सपरटाइज डॉ संजय शर्मा के नेतृत्व में आयोजित इस 1915वें निशुल्क कैंप में 137 रोगियों को परामर्श, चैकअप, ब्लड शुगर, प्लस रेट, हिमोग्लोबिन व फ्री दवाइयां दी गई। सरपंच दलबीर सिंह ने डॉ हिमांशु जैन, डॉ संजय शर्मा, डॉ गुरवीर कौर एम.डी.मेडिसिन और डॉ शालू का अभिनन्दन किया। कैंप में राजेंदर सैनी अजरानी, वंश सैनी, मुस्कान, रजनी, ऋषभ, ममता सैनी, प्रवीण, विशाल, कुलदीप, माया राम, मुन्नी लाल का सराहनीय योगदान रहा।




**कुरुक्षेत्र।** कैंप में मौजूद चिकित्सक। *फोटो : हरिभूमि*

## खबर संक्षेप

### हत्या के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना पडाव में दर्ज हत्या के मामले में थाना पडाव के पुलिस दल ने कार्यवाही करते हुए आरोपी सुमित निवासी गावँ डोभ थाना सदर रोहतक जिला रोहतक व आरोपी महिला को गिरफ्तार किया। आरोपी महिला को न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत भेजा गया व आरोपी सुमित कुमार को न्यायालय के आदेशानुसार पुलिस रिमांड पर लिया गया है। इस मामले के सम्बन्ध में शिकायतकर्ता संदीप कुमार निवासी पांची जाटान ने 17 मई 2024 को थाना पडाव में शिकायत दर्ज करवाई थी कि उसका भाई दीपक उर्फ सीटु 15 मई 2024 को पैसो के लेन-देन के लिये अम्बाला आया था जो अम्बाला छावनी बस स्टैंड से कही गुम हो गया है।

### शराब की तस्करी के सात मामलों में 65 बोतल पकड़ी

**अंबाला।** अम्बाला पुलिस द्वारा चलाए गये विशेष अभियान के दौरान 19 मई 2024 को जिला अम्बाला के भिन्न-भिन्न थाना क्षेत्रों में अवैध शराब की तस्करी के मामले में अम्बाला पुलिस ने तुरन्त कार्यवाही करते हुए 07 आरोपियों को ( 65 बोतल) देशी अवैध शराब सहित काबु कर जिला अम्बाला के भिन्न-भिन्न थानों में 07 मामलें दर्ज कर न्यायिक प्रक्रियानुसार कार्यवाही की गई। जो यह अभियान भविष्य में भी जारी रहेगा।

### गोलीकांड को किसान कभी भी भूल नहीं सकते

**पाई ।** रविवार को पाईं की अनाज मंडी में किसानों की एक विशाल रैली हुई। इसमें हरियाणा व पंजाब से आए किसानों ने देश की भाजपा सरकार के द्वारा किसानों के साथ की गई नाइंसाफी के बारे में विस्तार से किसानों का अवगत करवाया और अब चुनाव में भाजपा संगठन को वोट की चोट से हर हाल में हराये। इस जनसभा में सर्वप्रथम आंदोलन के दौरान शहीद हुए किसानों के प्रति दाम मिनट का शोक भी रखा गया। इसके बाद प्रदेश के बार्डरों पर 13 फरवरी के आंदोलन के बाद कि सानों के साथ हरियाणा की भाजपा सरकार ने कैसी बर्बरता की।

### विवाहिता से मारपीट व छेड़खानी का आरोप

**कैथल।** विवाहिता से मारपीट करने और छेडखानी के आरोप में पुलिस ने उसके पति सहित चार के खिलाफ केस दर्ज किया है। पीड़िता ने ससुरालियों पर उसे जहर देकर मारने के प्रयास का भी आरोप लगाया है। राजौंद थाना के तहत आने वाले एक गांव निवासी 23 वर्षीय विवाहिता ने पुलिस को शिकायत दी कि उसकी शादी कुलदीप नाम के युवक के साथ हुई है। 18 मई को आरोपी कुलदीप ने परिवार के अन्य सदस्यों के साथ मिलकर उसके साथ मारपीट की।

### ऑस्ट्रेलिया भेजने के नाम पर ठगे 10 लाख

**कैथल।** युवती को स्टडी वीजा पर ऑस्ट्रेलिया भेजने के नाम पर एक एजेंसी के संचालकों ने 10 लाख 31 हजार 250 रुपये ठग लिए। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। ढांड निवासी सोहल लाल ने पुलिस को शिकायत दी कि वह अपनी बेटी मनीषा को पढ़ाई के लिए विदेश भेजना चाहता था। इसके लिए उसने चंडीगढ़ में एमएस द स्फायर एजेंसी में संपर्क किया।

## लोकसभा आम चुनाव-2024 में मतदान बढ़ाने की चुनाव आयोग की अनोखी पहल

# मतदाताओं को भेजे जा रहे है निमंत्रण पत्र, हरियाणा में 25 को डलेंगे वोट

भेज रहे हैं, स्नेह निमंत्रण, मतदाता तुम्हें बुलाने को, 25 मई भूल न जाना, वोट डालने आने को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शहजादपुर/नारायणगढ़

लोकसभा आम चुनाव-2024 में सभी मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करें इसके लिए चुनाव आयोग द्वारा मतदाताओं के घर बीएलओं के माध्यम से वोटर स्लिप के साथ-साथ निमंत्रण पत्र भी वितरण किया जा रहा है। बीएलओ वोटर इनफॉरमेशन स्लिप के वितरण के साथ ही निमंत्रण पत्र का वितरण भी कर रहे हैं। गांव मंगलौर में बीएलओं परम कला ने मतदाताओं को वोटर स्लिप के साथ ही चुनाव आयोग की ओर से मतदाताओं को मतदान करने के लिए भेजा गया निमंत्रण पत्र का भी वितरण किया और 25 मई को वोट डालने का अनुरोध किया। उन्होने कहा कि जिन लोगों का नाम मतदाता सूची में दर्ज है और उनके पास एपिक कार्ड नहीं है तो भी वे चुनाव में वोट डाल सकते है। मतदाता पहचान पत्र के अलावा अन्य वैकल्पिक दस्तावेजों का उपयोग करके भी वोट डाल सकते हैं। इसके लिए प्रत्येक मतदाता यह सुनिश्चित कर लें कि उनका नाम मतदाता सूची में अवश्य दर्ज हो। जिस मतदाता का नाम मतदाता सूची में है, केवल वही मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकता है। यदि किसी मतदाता का नाम मतदाता सूची में है, लेकिन उसके पास मतदाता पहचान पत्र (एपिक) नहीं है तो वह निर्वाचन आयोग द्वारा निर्दिष्ट 11 वैकल्पिक पहचान पत्र दिखाकर अपना वोट डाल सकता है। प्रत्येक वोटर को मतदान केंद्र में अपने मत की गोपनीयता बनाए रखना अनिवार्य है और ये उसकी नैतिक जिम्मेवारी भी है।

यदि मतदाता के पास पुराना एपिक कार्ड है तो भी वह वोट डाल सकता है, बशर्ते कि उसका नाम उस क्षेत्र की मतदाता सूची में होना चाहिए। कोई भी मतदाता केवल तभी वोट डाल सकता है जब उसका नाम मतदाता सूची में दर्ज हो। एपिक के अलावा मतदाता आयोग द्वारा निर्दिष्ट 11 वैकल्पिक फोटो पहचान दस्तावेजों का उपयोग करके भी वोट डाल सकते हैं। इन दस्तावेजों में पासपोर्ट, ड्राइविंग लाइसेंस, केंद्रीय, राज्य सरकार, सार्वजनिक उपक्रमों या सार्वजनिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, बैंक या डाकघर द्वारा जारी फोटोयुक्त पासबुक, पैन कार्ड, श्रम मंत्रालय द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, श्रम मंत्रालय की योजना के तहत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, सांसदों, विधायकों/एमएलसी को जारी किए गए आधिकारिक पहचान पत्र और आधार कार्ड शामिल हैं।

निमंत्रण-पत्र कर रहा है मतदाताओं को आकृषित- मतदाताओं के लिए निमंत्रण पत्र को बेहद ही सुंदर ढंग से तैयार किया गया है और सभी औपचारिकताएं किसी सामान्य उत्सव के निमंत्रण की तरह ही लिखी गई है। यह चुनाव आयोग की एक अनोखी पहल जिसके तहत मतदाताओं को इस बार मतदान करने के लिए बुलाने हेतु विवाह शादी के कार्ड की तरह का कार्ड छपवाकर निमंत्रण पत्र भेजे जा रहे हैं। निमंत्रण पत्र को बेहद ही क्रिएटिव ढंग से तैयार किया गया है जो मतदाताओं का ध्यान आकर्षित कर रहा है विवाह के कार्ड के डिजाइन की भांति इस कार्ड पर लिखा गया है कि लोकसभा चुनाव में मतदान करने के लिए जरूर जरूर आना है।



**शहजादपुर/नारायणगढ।** गांव मंगलौर में बीएलओं वोटर स्लीप व निमंत्रण-पत्र मतदाताओं को वितरित करते हुए।

### भूल न जाना, वोट डालने आने

निमंत्रण पत्र पर वोटर जागरूकता से संबंधित सामग्री प्रकाशित की गई है इसके ऊपर मतदान करने की प्रक्रिया की जानकारी दी गई है ताकि मतदाता को किसी प्रकार की परेशानी ना हो चुनाव प्रक्रिया से जुड़ी अनेक महत्वपूर्ण इनफॉरमेशन इस कार्ड पर अंकित की गई है। अपने क्षेत्र के उम्मीदवार की जानकारी प्राप्त करने के लिए केवाईसी ऐप डाउनलोड करें तथा पोलिंग बूथ की जानकारी के लिए वोटर हेल्पलाइन ऐप को डाउनलोड करने बारे भी कार्ड पर अंकित किया गया है। भेज रहे हैं, स्नेह निमंत्रण, मतदाता तुम्हें बुलाने को, 25 मई भूल न जाना, वोट डालने आने को मतदाताओं के लिए निमंत्रण पत्र में लिखा गया है कि भेज रहे हैं, स्नेह निमंत्रण, मतदाता तुम्हें बुलाने को, 25 मई भूल न जाना, वोट डालने आने को इतना ही नहीं, निमंत्रण पत्र में मतदाताओं के नाम संदेश भी दिया गया है कि भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा निर्धारित कार्यक्रम अनुसार लोकसभा चुनाव-2024 के मंगल उत्सव की पावन बेला पर मतदान करने हेतु आप तय दिवस व समय पर सपरिवार सादर आमंत्रित हैं। कार्यक्रम स्थल आपका मतदान केंद्र है। निमंत्रण पत्र में यह भी बताया गया है कि मतदान 25 मई को प्रातः 7 बजे से सायं 6 बजे तक होगा। निमंत्रण पत्र में अंकित किया गया है- स्वागतकर्ताः बूथ लेवल अधिकारी। निवेदकः जिला निर्वाचन अधिकारी, दर्शानाभिलाषी पीठासीन अधिकारी एवं समस्त मतदान दल सदस्य। बाल मनुहारः हमारे लोकसभा चुनाव में मतदान करने जरूर-जरूर पधारना।

## आक्रमण अभियान के दौरान सीआईए अम्बाला के पुलिस दल ने की कार्रवाई

- थाना बलदेव नगर क्षेत्र से 01 किलोग्राम अफीम सहित आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

थाना बलदेव नगर क्षेत्र नजदीक सर्विस रोड जण्डली फ्लाई ओवर शमशान घाट के पास अफीम तस्करी के मामले में सीआईए-1 अम्बाला के पुलिस दल ने निरीक्षक हरजिन्द्र सिहं के नेतृत्व में सूचना के आधार पर तुरन्त कार्रवाई करते हुए आरोपी नरेन्द्र निवासी गावँ जिन्सीनगला थाना कादर चैंक जिला बदांयु उतरप्रदेश को 01 किलोग्राम अफीम सहित गिरफ्तार कर थाना बलदेव नगर में मुकदमा नम्बर 145 दिनांक 18 मई 2024 धारा 18-61-85 एनडीपीएस के तहत दर्ज किया। आरोपी नरेन्द्र को आज न्यायालय के आदेशानुसार रिमाण्ड प्राप्त किया गया है। बीती 18 मई 2024 को सीआईए-1 के पुलिस दल को सूचना मिली थी कि आरोपी नशा तस्करी का कार्य करता हैं । जो आज भी जंडली पुल से सर्विस रोड नजदीक शमशान घाट के पास बलदेव नगर जिला अम्बाला में किसी ग्राहक को मादक पदार्थ देने के लिए खडा है। यदि तुरन्त कार्यवाही की जाए तो उसे मादक पदार्थ सहित काबू किया जा सकता है। सूचना उपरान्त सीआईए-1 अम्बाला के पुलिस दल ने तुरन्त कार्यवाही करते हुए थाना बलदेव नगर क्षेत्र नजदीक सर्विस रोड जण्डली फ्लाई ओवर शमशान घाट के पास खडे संदिग्घ व्यक्ति को साथी कर्मचारियो की मदद से काबू करके उसकी विधिपूर्वक तलाशी लेने पर उसमें 01 किलोग्राम अफीम बरामद हुई। आरोपी की पहचान आरोपी नरेन्द्र निवासी गावँ जिन्सीनगला थाना कादर चैंक जिला बदांयु उतरप्रदेश के रूप में हुई जिसे अफीम सहित गिरफ्तार कर थाना बलदेव नगर में मामला दर्ज किया गया।

## कबूतरबाजी के मामले में दूसरा आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना सैक्टर-9 अम्बाला शहर में दर्ज कबूतरबाजी के मामले में 18 मई 2024 को पुलिस ने कार्यवाही करते हुए आरोपी अंकुश राज उर्फ छोटू निवासी हरनी चाक महुली टोला फुलवारी शरीफ जिला पटना बिहार को गिरफ्तार कर न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत भेजा। इस मामले में पहले गिरफ्तार आरोपी रोहित कुमार ने दौराने पूछताछ बतलाया कि अंकुश राज उर्फ छोटू भी इस मामले में संलिप्त है।इस मामले के सम्बन्ध में शिकायतकर्ता सुखचैन सिहँ निवासी ईस्ट दुर्गानगर अम्बाला शहर ने 01 जून 2023 को थाना सैक्टर-9 अम्बाला शहर में शिकायत दर्ज करवाई थी कि 01 जनवरी 2023 से 31 मई 2023 के दौरान आरोपी रोहित कुमार व अन्य ने उसे विदेश भेजने के मामले में उससे एक बड़ी रकम हड़पने की धोखाधड़ी करने का अपराधिक कार्य किया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज करके कार्यवाही शुरू कर दी थी।

## मतदान का न्योता दे रहे बीएलओ

- वितरित की जा रही वोटर स्लिप, मतदाता गाइड व आमंत्रण पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी प्रशांत पंवार ने बताया कि भारत एवं हरियाणा निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिला में लोकसभा चुनाव में 25 मई को मतदान करने के लिए बीएलओ द्वारा मतदाताओं को घर-घर जाकर वोटर स्लिप, मतदाता गाइड व आमंत्रण पत्र दिया जा रहा है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि अबकी बार लोकसभा चुनाव-2024 का थीम चुनाव का पर्व-देश का गर्व है। इसके साथ ही निर्वाचन आयोग द्वारा अनूठी पहल की गई है, जिसमें निमंत्रण पत्र तैयार किया गया है। इस निमंत्रण पत्र का स्लोगन-भेज रहे हैं निमंत्रण, मतदाता तुम्हे बुलाने को, 25 को भूल न जाना वोट डालने आने को, प्रमुख है। उन्होंने बताया कि बीएलओ वोटर स्लिप के साथ उक्त निमंत्रण पत्र भी परिवार को दे रहे हैं। उन्होंने बताया कि निमंत्रण पत्र के पिछली ओर मतदान करने की पूरी प्रक्रिया भी अंकित की गई है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि मतदान प्रक्रिया में पांच चरण होते हैं। पहले मतदान के लिए लाइन में खड़ा होना है, उसके बाद मतदान अधिकारी मतदान सूची में मतदाता के नाम और उसके पहचान के दस्तावेज की जानकारी लेगा।


**कैथल।** आमंत्रण पत्र को दिखाते मतदाता

## कार्यक्रम में दी नई शिक्षा नीति की जानकारी

- रिसोर्स पर्सन द्वारा बड़े ही मनोरंजक ढंग से अध्यापकों को प्रशिक्षित किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

राधा कृष्ण सीनियर सेकंडरी विद्यालय में सीबीएसई द्वारा दिनांक 18 व 19 मई को हिंदी विषय पर दो दिवसीय क्षमता संवर्धन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ रिसोर्स पर्सन शमशेर शर्मा ,डॉक्टर ममता ग्रोवर ,प्रधानाचार्य मीनू व एम डी लाभ सिंह लैलर द्वारा मां सरस्वती के चरणों में दीप प्रज्वलित करके किया गया। प्रताप पब्लिक स्कूल करनाल के हिंदी विभागाध्यक्ष शमशेर शर्मा व दयाल पब्लिक स्कूल करनाल के हिंदी विभागाध्यक्ष डॉक्टर ममता ग्रोवर रिसोर्स पर्सन रहे। उन्होंने रोचक गतिविधियों, नवाचारों का परिचय व नई शिक्षा नीति से शिक्षकों को अवगत करवाया ताकि वह इन तरीकों का उपयोग करके कक्षा में बच्चों का मानसिक विकास कर सकें और उन्हें हिंदी भाषा व भारतीय संस्कृति के महत्व को समझासके। रिसोर्स पर्सन द्वारा बड़े ही मनोरंजक ढंग से अध्यापकों को प्रशिक्षित किया गया। मीनू ने बताया की नई शिक्षा नीति के अनुसार सीबीएसई में 50 घंटे का शिक्षक प्रशिक्षण अनिवार्य होता है इसलिए हमें समय-समय पर इस तरह के कार्यक्रमो में भाग लेते रहना चाहिए। लाभ सिंह लैलर ने भी कार्यक्रम की सराहना की और बताया कि सीखने और शिक्षा ग्रहण करने की कोई उम्र नहीं होती मानव अनवरत जीवन पर्यंत शिक्षा ग्रहण करता है। इस कार्यक्रम में विद्यालय की तरफ से जलपान व्यवस्था उचित ढंग से सुनिश्चित की गई सभी अध्यापक इस प्रशिक्षण से पूरी तरह संतुष्ट थे और अन्य विद्यालयों से आए हुए सभी अध्यापकों ने विद्यालय के उचित प्रबंधन की सराहना की। कार्यक्रम के संचालन में प्रधानाचार्य के नेतृत्व में काजल अंजू गीता व अशोक ने पूर्ण सहयोग दिया।


**कैथल।** दो दिवसीय क्षमता संवर्धन कार्यक्रम के दौरान राधा कृष्ण स्कूल के अध्यापक

## फोटोयुक्त डिजिटल वोटर कार्ड डाउनलोड करना बेहद आसान

- यह सुविधा चुनाव आयोग की वेबसाइट वोटर्स डॉट ईसीआई डॉट जीओवी डॉट इन पर उपलब्ध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी डा0 शालीन ने कहा कि डिजिटलाइजेशन के दौर में चुनाव आयोग ने भी चुनाव से जुड़े महत्वपूर्ण कार्य ऑनलाइन कर दिए हैं।

चुनाव आयोग ने देशभर में डिजिटल मतदाता पहचान पत्र या इलेक्ट्रॉनिक इलेक्टोरल फोटो आईडी कार्ड यानी ई-ईपीआईसी की सुविधा शुरु कर रखी है। डीसी डॉ. शालीन ने कहा कि अगर मतदाता की वोटर आईडी कहीं गुम हो गई।

या वह वोटर कार्ड की डिजिटल कॉपी सहेज कर रखना चाहता है तो वोटर हेल्पलाइन एप या फिर चुनाव आयोग की वेबसाइट से अपना वोटर कार्ड आसानी से मोबाइल या कंप्यूटर पर डाउनलोड कर सकते हैं। डाउनलोड किया गया वोटर कर्ड भी मान्य होगा। खास बात ये है कि डिजिटल वोटर कार्ड ई-ईपीआईसी को डिजी लॉकर में भी अपलोड किया जा सकता है। इसके अलावा इसे प्रिंट भी कराया जा सकता है।

**डिजिटल आईडी प्रूफ को मोबाइल फोन या डिजी लॉकर में कर सकते है स्टोर:** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी डॉ. शालीन ने कहा कि ई-ईपीआईसी वोटर कार्ड ओरिजिनल वोटर आईडी कार्ड का एक नॉन-एडिटेबल पीडीएफ वर्जन है। वोटर आईडी के पीडीएफ वर्जन को भी आइडेंटिटी के साथ एड्रेस प्रूफ के तौर पर इस्तेमाल किया जा सकता है। इस डिजिटल आईडी प्रूफ को आसानी से एक्सेस करने के लिए मोबाइल फोन या डिजी लॉकर में स्टोर करके रखा जा सकता है।

### ऑपरेशन आक्रमण को जिला कैथल पुलिस ने किया सार्थक साबित

**कैथल।** आपरेशन आक्रमण के तहत पुलिस ने विभिन्न स्थानों पर छापेमारी करते हुए आपराधिक मामलों में संलिप्त रहे 21 आरोपियों को धर दबोचने में सफलता हासिल की है। पुलिस पीआरओ ने बताया कि ऑपरेशन आक्रमण के तहत चले विशेष अभियान में एसपी उपासना के निर्देश पर सभी अपराध जांच शाखा एवं थाना व चौकी स्तर पर कुल 25 टीमों का गठन किया गया। जिसमें 87 पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने विभिन्न जगहों पर रेड कर अपराधियों पर कड़ा प्रहार करते हुए अलग अलग शीर्षक के 11 मामले दर्ज किए गए।

## उम्मीदवार के खाते में जुड़ेगा बल्क एसएमएस का खर्चः डॉ. शालीन

- आपत्तिजनक एसएमएस भेजने वालों पर भी रहेगी टीम की कड़ी नजर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. शालीन ने कहा कि लोकसभा आम चुनाव में प्रचार के दौरान उम्मीदवार द्वारा थोक में भेजे जाने वाले एसएमएस का खर्च भी संबंधित उम्मीदवार के खाते में जोड़ा जाएगा।

चुनावी प्रचार अवधि के दौरान वैकल्पिक निर्वाचन के प्रचार के लिए बल्क (थोक) में भेजे गए एसएमएस की जानकारी जिला प्रशासन व संबंधित सहायक रिटर्निंग अधिकारी को मिलने पर वह सेवा प्रदाता से इस पर हुए व्यय का अनुमान लगवाकर इसे उम्मीदवार के खाते में जोड़ देगा।

डीसी डॉ. शालीन ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग की ओर से इस संबंध में दिशा-निर्देश जारी किए हैं। आयोग के अनुसार मतदान संपन्न होने के लिए निश्चित किए गए समय की समाप्ति से 48 घंटे पहले तक की अवधि के दौरान राजनीतिक प्रकृति के थोक में एसएमएस भेजने पर प्रतिबंध रहेगा। जिला में प्रचार के दौरान मोबाइल सेवा प्रदाता सभी संबंधितों के नोटिस में ऐसे थोक एसएमएस की जानकारी मॉनिटरिंग टीम के संज्ञान में लाने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि चुनाव को स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण प्रक्रिया के साथ संपन्न करवाने के लिए भी आयोग ने निर्देश जारी किए हैं।

चुनाव प्रचार के दौरान आपत्तिजनक एसएमएस भेजने वालों पर भी टीम की कड़ी नजर रहेगी। आपत्तिजनक एसएमएस की जांच के दौरान एसएमएस भेजने वाले का पता लगाकर उसके खिलाफ नियमानुसार उचित कार्रवाई की जाएगी।

### डिप्टी मेयर समेत तीन निगम सदस्यों ने छोड़ी हजपा, कांग्रेस का थामा दामन

**अंबाला।** हरियाणा जनचेतना पार्टी की ओर से लोकसभा चुनाव में भाजपा को समर्थन दिए जाने के बाद बगावत हो गई। रविवार को हजपा के डिप्टी मेयर राजेश मेहता ने दो निगम सदस्यों के साथ पार्टी छोड़ने का ऐलान कर दिया। प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी दीपक बाबरिया की अगुवाई में राजेश मेहता ने कांग्रेस में फिर वापसी की गई है। इसके साथ ही निगम सदस्य जसबीर सिंह व राकेश सिंगला ने भी हजपा को छोड़ने का निर्णय लिया है। तीनों सदस्यों ने कहा कि वे किसी की कठपुतली नहीं हैं। हजपा ने बिना किसी राय लिए बिना ही भाजपा को समर्थन देने का ऐलान किया था। इसकी वजह से पार्टी के ज्यादातर नेता बेहद परेशान हैं। अंबाला शहर नगर निगम का चुनाव राजेश मेहता ने कांग्रेस की टिकट पर जीता था। पार्टी की ओर से उन्हें वार्ड नंबर पांच से प्रत्याशी बनाया गया था। हालांकि चुनाव जीतते ही राजेश मेहता ने पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं हजपा सुप्रीमो विनोद शर्मा की अगुवाई में कांग्रेस छोड़ दी थी। तब विनोद शर्मा की ओर से उन्हें डिप्टी मेयर बनाने का ऑफर दिया गया था। हालांकि निगम चुनाव के करीब दो साल तक डिप्टी मेयर व सीनियर डिप्टी मेयर का चुनाव नहीं हो पाया था। तब हजपा के निगम सदस्य जसबीर सिंह ने पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट में याचिका दायर कर चुनाव करवाने की मांग की थी। इसके बाद राज्य सरकार ने हाईकोर्ट के आदेश पर डिप्टी मेयर व सीनियर डिप्टी मेयर का चुनाव करवाया था। तब दोनों पदों के लिए भाजपा व हजपा में सहमति हो गई थी। उस समय भाजपा की मीना ढींगरा को सीनियर डिप्टी मेयर बनाया गया था जबकि राजेश मेहता डिप्टी मेयर बने थे। डिप्टी मेयर बनने के बाद राजेश मेहता काफी समय से अपनी पार्टी से नाराज चल रहे थे। इसी वजह से उन्होंने पार्टी के ज्यादातर कार्यक्रमों से किनारा कर लिया था। नगर निगम के सदन की मीटिंग में भी वे मेयर शक्ति रानी शर्मा के बेशक खिलाफ नहीं बोले लेकिन उनका लेने से भी वे पीछे हटने लगे थे।

### कर्मचारियों को पुरानी पेंशन नहीं दी जाएगी तो वह वोट नहीं देंगे

**कैथल।** पेंशन बहाली संघर्ष समिति जिला कैथल की एक महत्वपूर्ण बैठक रविवार को अग्रसेन धर्मशाला नजदीक अनाज मंडी कैथल में हुई जिसकी अध्यक्षता विजेंद्र धारीवाल प्रदेश अध्यक्ष हरियाणा ने की और मंच संचालन सुरेंद्र माजरा जिला प्रधान कैथल ने किया । बैठक में विभागों, पदों और संगठनों बुलाकर सभी कर्मचारी साथी पुरानी पेंशन लागू करवाने के लिए एकत्रित हुए। कर्मचारियों ने एकमत से फैसला लिया कि अगर उनको पुरानी पेंशन नहीं दी जाएगी तो वह वोट नहीं देंगे। उनका नारा था, नो पेंशन नो वोट । बैठक में ऋषि नैन महासचिव हरियाणा ने साथियों को बताया की किस तरह से पुरानी पेंशन के लिए लगातार 2018 से ठढर पीड़ित कर्मचारी साथी संघर्ष कर रहे हैं। लेकिन सरकार उनकी बात नहीं सुन रही। सुरेंद्र माजरा जिला प्रधान कैथल ने कहा कि कर्मचारी अब एकजुट हो चुके हैं । कर्मचारियों के पास एकता की ताकत है। अब वह पुरानी पेंशन लिए बिना नहीं मानेंगे। क्योंकि नेता चार-चार पेंशन ले रहे हैं और कर्मचारी 30झ35 साल सरकारी नौकरी करने के बाद भी एक पेंशन का हकदार क्यों नहीं हो सकता।

### बजरंग भवन में लगाया गया शिविर

## निःशुल्क नेत्र जांच शिविर में 55 की जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणगढ़

श्री सनातन धर्म महावीर दल नारायणगढ़ के तत्वाधान में रविवार को लगाये गये निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर में 55 नेत्र रोगियों ने अपने नेत्रों की विभिन्न बिमारियों की जांच करवाई। स्थानीय बजरंग भवन में लगाया गया यह शिविर कपिल आई अस्पताल तथा माधव नेत्र बैंक के सहयोग से लगाया गया। महावीर दल के महासचिव राजेश वर्मा ने यह जानकारी देते हुये बताया कि इस शिविर में कपिल आई अस्पताल अम्बाला शहर से आई डॉक्टरों की टीम ने लोगों की आंखों की बिमारियों की जांच की तथा उन्हें निःशुल्क दवाईयां भी वितरित की तथा उन्हें चश्में के नंबर भी दिये गये। उन्होने बताया कि हर महीने के तीसरे रविवार को शिविर का आयोजन किया जाता है जिसमें लोग अपनी आंखों की जांच करवाकर लाभ उठा रहे हैं।



**नारायणगढ़।** कैंप में नेत्र रोगियों के नेत्रों की जांच करते विशेषज्ञ।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर श्री सनातन धर्म महावीर दल के प्रधान प्रीतम लाल गुलाटी,संरक्षक विजय कंसल, पूर्व प्रधान जगदीश चन्द वर्मा, शिव कुमार शर्मा, उप प्रधान रामेश्वर शर्मा, आदर्श गुप्ता, विनोद वर्मा, कोषाध्यक्ष नरेश कुमार, कैम्प ईंचार्ज सतीश अग्रवाल, मा.सोमनाथ शर्मा, सोहन लाल धीमान सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।